# विषय-सूची


| क्रम संख्या | पाठ का नाम | व्याकरण विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | साथी हाथ बढ़ाना | उच्चारण एवं तुकांत शब्द | 01 |
| 2. | चिट्ठी के अक्षर | अनुस्वार एवं अनुनासिक | 06 |
| 3. | बरसते जल के रूप अनेक | संज्ञा व भेद | 14 |
| 4. | पुरस्कार | सर्वनाम व भेद | 19 |
| 5. | सीखो | डायरी लेखन | 25 |
| 6. | अनोखा वरदान | विशेषण | 26 |
| 7. | सुंदर लाल | 'र' के विभिन्न रूप | 33 |
| 8. | नजानू कवि बना | विराम-चिह्न | 39 |
| 9. | दोहे | अनेकार्थी शब्द | 45 |
| 10. | पोंगल | काल | 49 |
| 11. | तेनालीराम ने चोरों को उल्लू बनाया | डायरी लेखन | 55 |
| 12. | दस आमों की कीमत | नुक्ता का प्रयोग | 56 |
| 13. | अनोखी दौड़ | उपसर्ग | 62 |
| 14. | एक रोमांचक यात्रा | कारक | 68 |
| 15. | परिश्रम | समरूपी भिन्नार्थक शब्द | 74 |
| 16. | धान का महत्त्व | विज्ञापन | 81 |
| 17. | यात्रा और यात्री | प्रत्यय | 82 |
| 18. | पंच परमेश्वर | क्रिया | 89 |
| 19. | सिकंदर और साधु | संवाद लेखन | 95 |
| 20. | आया वसंत | विविध शब्द-प्रयोग | 96 |

1

# साथी हाथ बढ़ाना

साथी हाथ **बढ़ाना,**
एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ **उठाना।**
साथी हाथ बढ़ाना।
हम मेहनतवालों ने जब भी, मिलकर कदम **बढ़ाया,**
सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस **झुकाया,**
फ़ौलादी हैं सीने अपने, फ़ौलादी हैं **बाँहें,**
हम चाहें तो चट्टानों में पैदा कर दें **राहें,**
साथी हाथ बढ़ाना।



**1. ऊपर दी गई पंक्तियों में आए मोटे काले शब्दों को जोड़े के रूप में लिखिए–**

(क) ........................................

(ख) ........................................

(ग) ........................................

**अब इन शब्दों को बोल-बोलकर पढ़िए।**

**याद रखिए–** लगभग समान उच्चारण वाले शब्दों के प्रयोग को **तुकांत शब्द** कहते हैं। जैसे–बढ़ाना, उठाना

**2. प्रश्न 1 में दिए गए उदाहरणों के अतिरिक्त कविता में आए कोई अन्य तुकांत शब्दों के जोड़े लिखिए–**

(क) .................................................... (ग) ....................................................

(ख) .................................................... (घ) ....................................................

**3. नीचे दिए गए शब्दों के तुकांत वाले शब्द लिखिए–**

(क) जाएगा – .............................. .............................. ..............................

(ख) कल – .............................. .............................. ..............................

(ग) छोड़ा – .............................. .............................. ..............................

(घ) चहक – .............................. .............................. ..............................

(ङ) बजाना – .............................. .............................. ..............................

**4. नीचे दिए गए शब्द-समूहों में से सही शब्दों पर घेरा लगाइए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | अविष्कार | आविष्कार | आविश्कार |
| (ख) | अभिलाशा | अभीलाषा | अभिलाषा |
| (ग) | व्यक्ती | व्यक्ति | वयक्ति |
| (घ) | परीणाम | परिनाम | परिणाम |
| (ङ) | मुनि | मुनी | मूनि |



**5. नीचे दिए गए शब्दों को ध्यान से पढ़िए–**


कृष्ण किस्मत चट्टानों


**उपर्युक्त शब्दों में उन वर्णों पर घेरा लगाइए जिनमें कोई स्वर नहीं है।**

**याद रखिए–** जब दो या तीन व्यंजनों के बीच कोई स्वर नहीं होता तो वे सहयोगी या संयुक्त रूप से लिखे जाते हैं। इन्हें **संयुक्त व्यंजन** अथवा **व्यंजन गुच्छ** भी कहा जाता है।


**अब नीचे दिए गए चित्रों के सामने उनके वे नाम लिखिए, जिनमें संयुक्त व्यंजनों का प्रयोग हुआ हो–**

(क)  – ..........................................

(ख)  – ..........................................

(ग)  – ..........................................

(घ)  – ..........................................


(ङ)  – ..........................................

## आओ दोहराएँ

**6. नीचे दिए गए शब्दों को और क्या कहते हैं? लिखिए–**

(क) रस्ता ..............................

(ख) परबत ..............................

(ग) लेख ..............................

(घ) दरिया ..............................

(ङ) सीस ..............................

| |
|---|
| किस्मत |
| रास्ता |
| शीश |
| पर्वत |
| सागर |

**7. नीचे दिए गए शब्दों के उलटे अर्थ वाले शब्द लिखिए–**

(क) एक – ..................................................... (ग) सच – .....................................................

(ख) अपने – ..................................................... (घ) दुख – .....................................................

**8. नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए–**

(क) साथी – ..........................................................................................................................................

(ख) मेहनत – ..........................................................................................................................................

(ग) नेक – ..........................................................................................................................................

(घ) अकेला – ..........................................................................................................................................

**9. नीचे दिए गए दो-दो शब्दों का इस प्रकार वाक्यों में प्रयोग कीजिए कि उनके अर्थ में अंतर स्पष्ट हो सके–**

(क) पता – ..........................................................................................................................................

पत्ता – ..........................................................................................................................................

(ख) बचा – ..........................................................................................................................................

बच्चा – ..........................................................................................................................................

(ग) समान – ..........................................................................................................................................

सामान – ..........................................................................................................................................

## आओ लिखें

10. मेहनत और मिल-जुलकर काम करने के महत्त्व पर 100-150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-

# 2 चिट्ठी के अक्षर



• चिट्ठी के नीचे संपादक के हस्ताक्षर थे। • चिट्ठी की लिखावट बड़ी सुंदर थी। • मेरे मुँह से अनायास ही निकल पड़ा–वाह! बड़ी सुंदर लिखावट है। • आप तो मेरे मन की बात भाँप गए।

**1. ऊपर दिए गए वाक्यों में से उन शब्दों को छाँटकर लिखिए जिन पर बिंदु लगा है अथवा चंद्रबिंदु लगा है–**

| बिंदु वाले शब्द | चंद्रबिंदु वाले शब्द |
|---|---|
| ............................................ | ............................................ |
| ............................................ | ............................................ |

**2. बिंदु वाले शब्दों में जिस वर्ण पर बिंदु लगा है, उसे बोलने के बाद आवाज़ कहाँ से निकलती है? उचित उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए–**

( ) मुँह से ( ) नाक से ( ) मुँह एवं नाक, दोनों से

3. **चंद्रबिंदु वाले शब्दों में जिस अक्षर पर चंद्रबिंदु लगा है, उसे बोलते समय आवाज़ कहाँ से निकलती है? उचित उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए–**


( ) मुँह से ( ) नाक से ( ) मुँह एवं नाक, दोनों से

4. **अब नीचे दी गई वर्णमाला को पूरा कीजिए–**

| वर्ण | पहला वर्ण | दूसरा वर्ण | तीसरा वर्ण | चौथा वर्ण | पाँचवाँ वर्ण |
|---|---|---|---|---|---|
| क वर्ग | क | .................... | .................... | .................... | .................... |
| च वर्ग | च | .................... | .................... | .................... | .................... |
| ट वर्ग | ट | .................... | .................... | .................... | .................... |
| त वर्ग | त | .................... | .................... | .................... | .................... |
| प वर्ग | प | .................... | .................... | .................... | .................... |

5. **क्या आप जानते हैं कि कुछ शब्दों को दो प्रकार से लिखा जाता है।**
**नीचे दिए गए शब्दों को पढ़िए और समझने का प्रयास कीजिए–**

(क) अङ्क – अंक
(ख) चञ्चल – चंचल
(ग) ठण्डा – ठंडा
(घ) चन्दा – चंदा
(ङ) पम्प – पंप




**याद रखिए–** शब्द के दोनों रूप सही हैं। मगर आजकल शब्दों को मानक रूप में दूसरे प्रकार से लिखा जाता है। (अंक, चंचल, ठंडा, चंदा, पंप शब्द मानक रूप में हैं।)

6. **आइए, अब इन शब्दों के आधार पर बिंदु लगाने के नियम को समझें–**

(क) 'चन्दा' शब्द में आधा वर्ण कौन-सा है? ....................

(ख) यह पाँचवाँ वर्ण किस वर्ग का है? ....................

(ग) पाँचवें वर्ण के बाद कौन-सा वर्ण है? ..............................

(घ) पाँचवें वर्ण के बाद वाला वर्ण किस वर्ग का है? ..............................

(ङ) क्या पाँचवाँ वर्ण और उसके बाद वाला वर्ण एक ही वर्ग के हैं? ..............................

(च) 'चंदा' शब्द में पाँचवें वर्ण के स्थान पर किसका प्रयोग किया गया है? ..............................

(छ) क्या 'चन्दा' शब्द के पाँचवें वर्ण में 'अ' स्वर है? ..............................

**याद रखिए–** यदि पाँचवें वर्ण के बाद वाला वर्ण उसी के वर्ग का कोई अन्य वर्ण हो तो उस पाँचवें वर्ण की जगह **बिंदु ( ं )** का प्रयोग किया जाता है। यह बिंदु पाँचवें वर्ण से पहले वाले वर्ण पर लगाया जाता है। इस बिंदु को **अनुस्वार** कहा जाता है।

**7. नीचे दिए गए शब्दों में पाँचवें वर्ण के स्थान पर 'अनुस्वार' चिह्न ( ं ) लगाइए–**

(क) रङ्ग – ..............................          (च) दिनाङ्क – ..............................

(ख) मञ्जन – ..............................          (छ) पञ्चम – ..............................

(ग) डण्डा – ..............................          (ज) पण्डित – ..............................

(घ) अन्त – ..............................          (झ) गन्दा – ..............................

(ङ) कम्पन – ..............................          (ञ) अम्बर – ..............................

**8. नीचे दिए गए शब्दों में उदाहरण के अनुसार सही स्थान पर 'अनुस्वार' ( ं ) चिह्न लगाइए और वाक्य बनाइए–**

**उदाहरणः** रग – रंग

(क) गदा – ..............................          (ख) चिता – ..............................

**वाक्य-प्रयोग**

**उदाहरणः** रंग – सुशीला लाल रंग के फूल लाई थी।


(क) ..............................................................................

(ख) ..............................................................................

9. **नीचे दिए गए चित्रों के नाम मानक रूप में लिखिए–**


(क)  – ..............................


(च)  – ..............................


(ख)  – ..............................

(छ)  – ..............................

(ग)  – ..............................

(ज)  – ..............................

(घ)  – ..............................

(झ)  – ..............................

(ङ)  – ..............................

(ञ)  – ..............................

10. **यदि पाँचवें वर्ण के बाद वाला वर्ण उसी वर्ग का न हो, जिस वर्ग का पाँचवाँ वर्ण है अथवा वही पाँचवाँ वर्ण दुबारा आए तो क्या होगा? आइए, दिए गए उदाहरणों से इसे समझें–**

**उदाहरणः** (जन्म, सम्मान, भिन्न)

(क) 'जन्म' शब्द में कौन-से पाँचवें वर्ण में 'अ' स्वर नहीं है? ..............................

(ख) इसके बाद वाला वर्ण किस वर्ग का है? ..............................

(ग) क्या दोनों के वर्ग समान हैं? ..............................

(घ) 'सम्मान' एवं 'भिन्न' शब्दों में कौन-से वर्ण दो बार आए हैं? ..............................

(ङ) ये वर्ण अपने-अपने वर्ग के कौन-से स्थान के वर्ण हैं? ..............................

> **याद रखिए–** यदि पाँचवें वर्ण के बाद किसी दूसरे वर्ग का वर्ण आए अथवा वही पाँचवाँ वर्ण दुबारा आए तो अनुस्वार चिह्न ( ं ) का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

**11. नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं। जिन शब्दों में अनुस्वार चिह्न ( ं ) का प्रयोग किया जाएगा, उनके सामने 'हाँ' तथा जिन शब्दों में अनुस्वार चिह्न ( ं ) का प्रयोग नहीं किया जाएगा, उनके सामने 'नहीं' लिखिए–**

(क) सुन्दर – ..............................  (घ) पङ्कज – ..............................


(ख) अन्न – ..............................  (ङ) पञ्छी – ..............................

(ग) सम्मानित – ..............................  (च) अक्षुण्ण – ..............................

**12. नीचे खंड I एवं II में कुछ शब्द दिए गए हैं। इन शब्दों को बोल-बोलकर पढ़िए–**



| I | II |
|---|---|
| बाधा | बाँधा |
| सास | साँस |
| काटा | काँटा |
| सवार | सँवार |



**(क) खंड I के शब्दों के पहले अक्षर को बोलते समय आवाज़ कहाँ से निकलती है? उचित उत्तर पर सही ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

☐ मुँह से  ☐ नाक से  ☐ मुँह एवं नाक, दोनों से

**(ख) खंड II के शब्दों के पहले अक्षर को बोलते समय आवाज़ कहाँ से निकलती है? उचित उत्तर पर सही ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

☐ मुँह से  ☐ नाक से  ☐ मुँह एवं नाक, दोनों से

**(ग) जिन शब्दों को बोलते समय आवाज़ मुँह एवं नाक दोनों से निकलती है, उनके ऊपर क्या लगा हुआ है?** ☐

**याद रखिए–** जब किसी वर्ण को बोलते समय आवाज़ मुँह एवं नाक दोनों से निकलती है तो उस वर्ण के ऊपर **चंद्रबिंदु ( ँ )** लगाया जाता है। चंद्रबिंदु को व्याकरण की भाषा में **अनुनासिक** कहा जाता है।

**13. नीचे दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर 'अनुनासिक' चिह्न ( ँ ) लगाइए और वाक्य बनाइए–**

**उदाहरण:** पूछ – पूँछ

(क) आधी – ..................... (ग) सवार – .....................

(ख) कहा – ..................... (घ) चाटा – .....................

**वाक्य-प्रयोग**

**उदाहरण:** पूँछ – गाय अपनी पूँछ से मक्खियाँ उड़ा रही थी।

(क) .....................

(ख) .....................

(ग) .....................

(घ) .....................

**14. नीचे दिए गए शब्दों को बोल-बोलकर पढ़िए–**

पुस्तकें, सड़कें, चित्रों, फलों, चिट्ठियों

(क) इन शब्दों के अंतिम अक्षर को बोलते समय आवाज़ कहाँ से निकलती है? .....................

(ख) पहले बताए गए नियम के अनुसार इन अक्षरों पर कौन-सा चिह्न आना चाहिए था? .....................

(ग) इन अंतिम अक्षरों पर कौन-सा चिह्न आया है? .....................

**याद रखिए**–यदि किसी वर्ण को बोलते समय आवाज़ मुँह एवं नाक, दोनों से निकले, मगर शिरोरेखा (–) के ऊपर कोई मात्रा हो तो वहाँ अनुनासिक (ँ) की जगह अनुस्वार (ं) चिह्न का प्रयोग किया जाएगा।

**15. नीचे दिए गए शब्दों में अनुस्वार ( ं ) अथवा अनुनासिक ( ँ ) चिह्न लगाइए–**

(क) सपादक (घ) पूछ (छ) मालाओ

(ख) मैने (ङ) कुर्सिया (ज) कारे

(ग) तिथिया (च) सुदर (झ) ऊचा

## आओ दोहराएँ

**16. नीचे दिए गए शब्दों के सही रूप लिखिए–**

(क) कौधने – ................................ (घ) किजिए – ................................

(ख) सप्ताहिक – ................................ (ङ) पूरती – ................................

(ग) मसतिश्क – ................................ (च) पड़गा – ................................

**17. नीचे दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए–**

(क) बात – ................................ (घ) कविता – ................................

(ख) कुर्सी – ................................ (ङ) साधु को – ................................

(ग) हाथ पर – ................................ (च) कहानी – ................................

**ज्ञात रहे–**

कुछ शब्द एकवचन और बहुवचन रूप में एक जैसे रहते हैं। परंतु 'कारक चिह्न' आ जाने पर वे 'ों' के रूप में आते हैं, जैसे–

- हाथ–हाथ
- हाथ पर–हाथों पर
- घर–घर
- घर में–घरों में

## आओ लिखें

**18. पाँचवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा देते समय आपने किन-किन कठिनाइयों का सामना किया–इनके बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए–**

परीक्षा ................................................

...........................................................

दिनांक –

प्रिय मित्र .....................................

मधुर स्मृति!

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................................................

तुम्हारा मित्र/सखी

...........................................................